राजस्थान सरकार

कार्यालय निदेशालय, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर

(Phone 0141-2820360, E-mail dirarchraj@gmail.com)

क्रमांकः– पु.सं./तक./संग्र./एफ–367/2020/11821 दिनांक 14/12/2020

श्री ज्ञानेश कुमार

विषयः– दिनांक 27.10.2020 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक ''पर्यटक बोले .....हमको हवामहल–अल्बर्ट हॉल देखना है बैनर–पोस्टर नहीं'' के संबंध में।

प्रसंगः– आपका परिवाद क्रमांक 11203278944432 दिनांक 11.11.2020

महोदय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय में लेख है कि संरक्षित स्मारक हवामहल और अल्बर्ट हॉल पर दैनिक भास्कर के साथ सहभागिता में मास्क का स्ट्रक्चर संदेश सहित (अभी मास्क ही वैक्सीन है) कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी के सन्दर्भ में जनमानस को जागरूक करने व मास्क पहनने के लिए प्रेरित करने के लिए लगाया गया था। उक्त संबंध में सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर राजस्थान सरकार के जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कला एवं संस्कृति विभाग की सहभागिता के साथ लगाया गया था। उक्त मास्क स्ट्रक्चर पर भी सहभागिता के रूप में कला एवं संस्कृति विभाग का लोगो/नाम अंकित किया गया था।

(प्रकाश चन्द्र शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– पु.सं./तक./संग्र./एफ–367/2020/11822-11823 दिनांक 14/12/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित हैः–

1. अधीक्षक, राजकीय संग्रहालय, हवामहल, जयपुर।
2. अधीक्षक, राजकीय केन्द्रीय संग्रहालय, अल्बर्ट हॉल, जयपुर।

निदेशक

Scanned with CamScanner